# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ ● अंक : ४७ ● मुंबई, शुक्रवार, २६ अक्टूबर से १ नवंबर २०१८ ● RNI No. : MAHHIN/2014/59999 ● पृष्ठ : ४ ● मूल्य : २/- रुपये

# प्रदीप शर्मा की नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**शाईस्ता शेख**

**मुंबई :** विरूपण विरोधी दस्ता (एंटी एक्सटॉरशन सेल) को २३ /१०/२०१७ के दिन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विरूपण विरोधी दस्ता (एंटी एक्सटॉरशन सेल) प्रदीप शर्मा को अपने सूत्रों से गुप्त जानकारी मिली की ४ किलो नशीली पदार्थ (एफेड्रीने ड्रग्स) की तज़करि ठाणे में होने वाली है प्रदीप शर्मा ने मिली जानकारी की सुचना ठाणे पुलिस के वरिष्ठ अधिकार्यो को दी सुचना के आधार पे मा.पुलिस आयुत्त्त विवेक फणसलकर, मा.सह पोलिस आयुत्त्त श्री.मधुकर पांडेय, मा.अपर पुलिस आयुत्त्त गुनाह शाखा श्री प्रवीण पवार, मा.पुलिस उप आयुत्त्त गुनाह शाखा श्री.दीपक देवराज मा सहा पुलिस आयुत्त्त शोध -२ गुनाह शाखा श्री एन. टी.कदम के मार्गदर्शन में विरूपण विरोधी दस्ता (एंटी एक्सटॉरशन सेल) वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रदीप शर्मा, पुलिस निरीक्षक राजकुमार कोथमीरे, पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे, पुलिस उप निरीक्षक बाबर, गावंड़,

देवर, कुटे, कदम, मोरे, यादव, तावड़े, भोसले, मोटे कटकधोंड, बुकाने, नरे, साबले, ओवढेकर, ठाकरे महाले, कांबले, मुकने, लाटे, जगताप, खड़े, पोशी, रोशन जाधव, उमेश जाधव, दस्ते के साथ फील्डिंग कर अविल प्रकाश रोबर्ट मन्टोरे को गिरफ्तार किया अविल प्रकाश रोबर्ट मन्टोरे के पास से ४ किलो (एफेड्रीने ड्रग्स) नशीले पदार्थ जिस की कीमत १ करूर रुपए बताई जा रही है खारघर नवी मुंबई से ज़ब्त किया गया है इस जुर्म के लिए आरोपी अविल प्रकाश रोबर्ट मन्टोरे पे केस नंबर १९९ /२०१८ स्वापक औषधि और मन :प्रभावी पदार्थ अधिनियम १९८५, कलम ८ (क), ९ (ए) २५ (ए) के तहत गुनाह दाखिल कर हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया ! आरोपी अविल प्रकाश रोबर्ट मन्टोरे से जब विरूपण विरोधी दस्ता (एंटी एक्सटॉरशन सेल) वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने पूछा के तुम ने ये नशीली पदार्थ कहा से और किउ लाए तो आरोपी ने बताया की ये नशीली पदार्थ उस ने मुम्ब्रा में होने वाली वेव पार्टी में बेचने के लिए चेन्नई से तस्करी कर लाया था.



## गुनाह शाखा नशीले पदार्थ विरोधी दस्ता ने एजाज खान को एमडीएमए (Ecstasy pills) नाम के नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार



**इस्माईल खान**

**मुंबई :** २२/१०/२०१८ के दिन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविंद्र बुधवन्त को अपने सूत्रों से गुप्त सुचना मिली की सीबीडी बेलापुर पुलिस स्टेशन की हद के अंतरगत स्टार हॉटेल के कमरा नंबर सी- ११ सीबीडी बेलापुर में 'एजाज खान' नामक व्यक्ति एमडीएमए (Ecstasy pills) नाम का नशीला पदार्थ लेकर आने वाला है!

गुप्त सुचना जो वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविंद्र बुधवन्त को अपने सूत्रों से मिली थी उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियो को दी! वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के मार्गदर्शन में नशीले पदार्थ दस्ते के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविंद्र बुधवन्त,सहा पुलिस निरक्षक संतोष मुटकुड़े ,पोहवा / २९२ संजय चौधरी, पोहवा / ५३८ सलीम इनामदार,पोहवा / ५७८ संतोष गायकवाड़,पोहवा / ८४९ शैख़,पोहवा/१२०२ कासम पीरजादे, पोहवा /१३०१ रमेश ऊठगीकर , पोना /२०५७ सचिन भालेराव, पोना /२०६३ गाडवे,मपो शी/१२५४२ सुप्रिया ठाकुर, पोशी/ ३६३९ आकाश मुके पोशी/३५८० बाबा सांगोलकर ने स्टार हॉटेल सी- ११ में छापामारी की जहा ऐजाज़ खान रुके हुए थे!

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार छापामारी के दौरान ऐजाज़ खान के पास से एमडीएमए (Ecstasy pills) २.३० नामक नशीला पदार्थ मिला जिस की कीमत २,२०,०००/ बताई जा रही है ! इस जुर्म के लिए ऐजाज खान को सीबीडी बेलापुर पुलिस स्टेशन में केस नंबर २१०/२०१८ स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम १९८५,कलम ८ (क),२२ (ब),के तहत गुनाह दाखिल कर हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया!

ऐजाज़ खान को २३.१०.२०१८ को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट वाशी न्यायलय में हाज़िर किया गया न्यायलय ने ऐजाज़ खान को २५ .१०.२०१८.तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया पुरे मामले की जांच, नशीले पदार्थ दस्ते के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविंद्र बुधवन्त कर रहे है वही न्यायलय से बाहर आते वक्त ऐजाज़ खान ने पत्रकारों को बताया की वो बेगुनाह है उन्हें फसाया जा रहा है क्यूंकि वह हमेशा राजनेताओं के खिलाफ बोला करते थे!



# डॉ. नोव्हेरा शेख को जमानत

**हैदराबाद :** हैदराबाद न्यायालय ने हीरा गोल्ड ग्रुप की सीईओ और ऑल इंडिया महिला इंपॉवरमेंट पार्टी की अध्यक्ष डॉ. नोव्हेरा शेख को ५ लाख की २ प्रतिभू की शर्त पर जमानत दे दी।

डॉ. नोव्हेरा शेख को २९.१०.२०१८ से पहले ५ करोर जमा कराना होगा अगर नोव्हेरा शेख ने ५ करोर जमा नहीं कराए तो उनकी जमानत रद्द हो जाएगी। नोव्हेरा शेख को अपना पासपोर्ट भी जमा कराना होगा। नोव्हेरा शेख हिन्दुस्तान छोड़ कर नहीं जा सकती २७.२९.३०.अक्टूबर २०१८ को नोव्हेरा शेख को पुलिस स्टेशन में हाज़िर रहना होगा।

CSS पुलिस की अर्जी के बाद नोव्हेरा शेख के केस की सुनवाई हुई और बहस खत्म हुई। जिसके बाद न्याय्ले ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं हैदराबाद न्याय्ले ने फैसला सुनाते हुए डॉ.. नोव्हेरा शेख को बेल दे दी । न्याय्ले ने यह फैसला मुचलके पर सुनाया । बता दें कि, बहस के दौरान जज ने इन बिंदुओं पर ध्यान दिया कि, निवेशक एक्ट के तहत हीरा ग्रुप को रजिस्टार ऑफ कंपनी के तहत रजिस्टर किया गया है।

डॉ. नोव्हेरा शेख के वकील ने न्यायलय को बताया की पुलिस ने राजनैतिक प्रतिशोध के बिनाह पर कार्यवाही की है । वकील ने कोर्ट को बताया की ये भी कहा जा सकता है की, ये षडयंत्र नोव्हेरा शेख को आने वाले चुनावों में हिस्सा ना ले इसलिए रचा गया है।वकील का ये भी कहना है कि, एमआईएम अध्यक्ष ओवैसी के झूठे प्रचार के कारण निवेशकों में भी काफी उथल-पुथल मच गई।

# समाज वादी पार्टी की मांग

## मानखुर्द शिवाजी नगर तालुका में खस्ताहाल शौचालयों को तत्काल दुरुस्त किया जाए और नए शौचालयों बनाए जाए








**आसिफ खान**

**मुंबई :** २४ अक्टूबर बुधवार दुपहर ३ बजे समाज वादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबुआज़ीम आज़मी के नेतृत्व में फव्वाज मेमन उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष, अब्दुल मजीद शेख जोगेश्वरी तालूका अध्यक्ष और हज़ारो की तादाद में कार्यकताओं ने एम ईस्ट वार्ड का घेराव कर बी.एम.सी अधिकारी से मांग की मानखुर्द, शिवाजी नगर तालुका में खस्ताहाल शौचालयों को तत्काल दुरुस्त कर नए शौचालय बनाए जाएं. इस मांग को बी.एम.सी अधिकारी ने मानते हुए कहा कि ३० नए शौचालयों का निर्माण किया जाएगा और खस्ता हाल शौचालयों को तत्काल दुरुस्त किया जाएगा.

# वार्ड क्र.७८ की गंभीर समस्याएं

## शासन-प्रशासन कर रही है नजरअंदाज-मुराद हुसैन अन्सारी


**जाफर शेख**

**मुंबई ।** पैगामे हक ट्रस्ट वार्ड क्र.७८ के मुराद हुसैन अन्सारी ने मनपा के संबंधित विभागों को पत्र भेजकर जानकारी दी है कि क्षेत्र के स्ट्रीट लाईट्स कई महीनों से बंद हैं। इससे स्थानीय क्षेत्र में परेशानी हो रही है।

मुराद हुसैन अन्सारी क्षेत्र की जन समस्याओं में प्रति जन प्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन मो. समय समय पर अवगत कराते रहते हैं, जिससे क्षेत्र से लोगों का सहयोग इन्हें मिलता रहता है। वहीं वार्ड क्र. ७८ की समस्याओं से प्रति शासन-प्रशासन की लापरवाही से लोगों में आक्रोश फैलता जा रहा है।

मुराद हुसैन अन्सारी पैगामे हक ट्रस्ट द्वारा दिये हुए पत्रों की जानकारी दिनांक ०६-०९-२०१८ को वार्ड क्र. ७८ ऑफिस, दिनांक ०७-०९-२०१८ नगरसेविका, दिनांक ०९-०९-२०१८ को विधायक रविंद्र वायकर, दिनांक ०९-०९-२०१८ को एम.पी. गजानन कीर्तिकर, ऑनलाईन कंप्लेन नं. ०७२२२७३८८८





PAIGAME HAQ TRUST

Govt Regd.

Office Address: Mehboob Khan Chawl, Near new Masjid Bandra Plot. Jogeshwari (East), Mum-60.

Ref. No. ______ Date 12/10/18

To
The Municipal Corporation of Greater Mumbai (MCGM)
K/East Ward Officer, 78,
Azad Road, Andheri East, Gundavali,
Near Metro Station, Mumbai-400069.

COMPLAINT FOR THE MAINTENANCE OF THE GROUND SITUATED AT BANDRA PLOT, JHULA MAIDAN, JOGESHWARI EAST, MUMBAI-400060 AS THERE IS ONLY ONE GROUND IN THE ENTIRE AREA OF BANDRA PLOT AND IS NOT IN A GOOD CONDITION.

Respected Sir,

I Murad Hussain Abrar Hussain Ansari, the President of Paigam E Haq Trust would like to inform you that in the entire area of Bandra Plot, there is only one ground situated at Bandra Plot, Jhula Maidan, Jogeshwari East, Mumbai-400060.

The above said ground is not in a good condition and there is a need to maintain the said ground properly as children are not able to play in such ground which is not in a good condition and the above said ground is needed to be maintained as well as repaired so that it will look pleasant and healthy and the local people will be able to utilize the pleasant outdoor environment of the ground. The said ground is a heritage of the local area and it is much of the necessity to maintain it.

In view of the above said facts and circumstances, I request the MCGM, K-East Ward to maintain and repair the Ground situated at Bandra Plot, Jhula Maidan, Jogeshwari East, Mumbai-400060. Please do the needful at the earliest.

Thanking you

Yours Sincerely

MANAGING TRUSTEES
Murad Hussain Ansari
(President)
Cont:- 9769216125

12 OCT 2018










## संपादकीय...

# भारत की स्थिति बेहतर

*आर्थिक वृद्धि दर की बढ़वार किसी अर्थव्यवस्था की बेहतरी का एक पैमाना है. इसके लिए अंदरूनी तौर पर हमेशा सजग और तैयार रहना होता है. तैयारी के बूते ही कोई देश आर्थिक प्रतिस्पर्धा के वैश्विक मैदान में टिके रह सकता है.*

*इस लिहाज से, भारत की स्थिति बड़ी आशाजनक नजर आ रही है. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने आर्थिक प्रतिस्पर्धा में सक्षमता को पैमाना बनाते हुए दुनिया के १४० देशों का एक सूचकांक जारी किया है. इस सूचकांक में भारत प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ५८वें स्थान पर है. पहले पर अमेरिका है, दूसरे पर सिंगापुर और तीसरे स्थान पर जर्मनी. लेकिन, ५८वें स्थान पर भारत की मौजूदगी को साधारण नहीं कहा जा सकता है. दरअसल, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के मानकों पर भारत ने पिछले साल के मुकाबले पांच पायदान की तरक्की की है. रिपोर्ट के मुताबिक, आर्थिक रूप से ताकतवर माने जानेवाले समूह-२० के देशों में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सबसे तेज बढ़वार भारत की रही है. ब्रिक्स देशों में भी भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति उम्मीद जगानेवाली मानी जायेगी. भारत इसमें चीन और रूस से तो पीछे है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील से आगे. दक्षिण एशिया के मुल्कों के बीच भी आर्थिक प्रतिस्पर्धा के लिहाज से सबसे अग्रणी स्थिति भारत की मानी गयी है.*

*आर्थिक प्रतिस्पर्धा की क्षमता के मामले में, भारत को सबसे ज्यादा बढ़त देनेवाली बात साबित हुई है यहां मौजूद विशाल बाजार. शोध-अनुसंधान की गुणवत्ता ने भी भारत की ताकत में इजाफा किया है. साथ ही, देश में व्यवसाय की शुरुआत और बढ़वार के लिए स्थितियां पहले से ज्यादा अनुकूल हैं.*

*रिपोर्ट में चीन को २८वां स्थान मिला है, लिहाजा वह भारत से आर्थिक प्रतिस्पर्धा की क्षमता के मामले में दोगुना आगे है, लेकिन इसकी बड़ी वजह है चीन का शोध-अनुसंधान पर विशेष ध्यान देना. मंझोले दर्जे की अर्थव्यवस्थाओं के बीच चीन शोध-अनुसंधान पर सर्वाधिक निवेश करनेवाला देश है, जबकि भारत में इस पहलू पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है. व्यवसाय की वृद्धि के मामले में भारत में नौकरशाही अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम कारगर है.*

*हालांकि, आर्थिक प्रतिस्पर्धा की क्षमता के लिहाज से भारत की स्थिति आनेवाले दिनों में और बेहतर हो सकती है. दरअसल, देशों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के आकलन के लिए रिपोर्ट में बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिक तैयारी, बाजार व श्रमबल के आकार और वित्त-व्यवस्था की मजबूती सरीखे बुनियादी मानकों के अतिरिक्त सेहत एवं शिक्षा की स्थिति को भी आधार बनाया गया था. सेहत और शिक्षा के मानकों पर भारत की स्थिति अभी दक्षिण एशिया के देशों में भी अग्रणी नहीं है. वैश्विक भुखमरी सूचकांक के तथ्य हों या फिर वैश्विक मानव-विकास के सूचकांक के तथ्य- सबमें यह सामने आता है. आर्थिक प्रतिस्पर्धा की क्षमता में बढ़वार के लिए सेहतमंद और कुशल श्रमबल तैयार करना आदि भारत की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए.*

# बॉलीवुड समाचार



## राखी सावंत का तनुश्री पर गंभीर आरोप

# कहा- १२ साल पहले मेरा रेप किया, कोर्ट में सब बताउंगी

**नई दिल्ली:** अभिनेत्री तनुश्री दत्ता और राखी सावंत इन दिनों आमने सामने हैं. कुछ दिनों पहले नाना पाटेकर पर तनुश्री ने यौन शोषण के आरोप लगाए. नाना पाटेकर के समर्थन में राखी सावंत आईं और तनुश्री पर कई आरोप लगाए. दोनों अभिनेत्रियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का ये सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब राखी ने तनुश्री दत्ता पर रेप का आरोप लगाया है. आज राखी सावंत ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर कई खुलासे किए.





राखी ने कहा, ''मेरा रेप बार-बार तनुश्री ने किया है. तनुश्री एक लड़की नहीं लड़का है. वो अंदर से एकदम लड़का हैं. तुम मेरी बेस्ट फ्रेंड थी. सिर्फ मर्द ही रेप नहीं करता. लड़की भी रेप करती है. ये सच है. मैं उनके घर पर गई थी. सबूत भी है मेरे पास. आज से १२ साल पुरानी कहानी है. मैं हर महिला की इज्जत करती हूं इसलिए पहले कभी नहीं कहा.'' राखी ने आगे कहा कि उन्हें चुप रहने के लिए धमकियां भी मिल रही हैं. उन्होंने कहा, ''आज से १२ पहले मेरे साथ रेप हुआ था. मुझे ये शब्द कहने नहीं चाहिए. मुझे बहुत तकलीफ हो रही है. आज तक मैंने जुबान नहीं खोली. बॉलीवुड को बदनाम किया जा रहा है. मुझे लगा कि अब मुझे कहना चाहिए कि मेरे साथ अत्याचार हुआ. मैं दुनिया को बताना चाहती हूं कि ये घिनौनी हरकत मेरे साथ बार-बार हुई है. मुझे नाम लेते हुए डर लग रहा है क्योंकि मुझे मारने की धमकियां मिल रही हैं. गैंगरेप की धमकी मिल रही है. पुलिस में शिकायत दर्ज करा चुकी हूं.'' आगे राखी ने रोते हुए कहा, ''मैं भी कोर्ट में बताउंगी कि तुमने तुमने मेरे प्राइवेट पार्ट्स के साथ क्या किया है. तुमने मुझे कहां-कहां टच किया है. तुम लेस्बियन हो. तुम मुझे कितना चाहती हो ये मुझे पता है. तुमने अपने बाल मुंडवा दिए मेरे लिए.'' राखी का कहना है कि वो चुप रहीं लेकिन तनुश्री ने उनपर मानहानि का केस किया. राखी ने कहा, ''तुमने एक सोई हुई नागिन को जगाया है. मैं खामोश रही लेकिन तुमने मुझपर १० करोड़ का केस किया. मैं दुखी हूं कि ये केस क्यों किया है. इस सब की शुरुआत पहले तनुश्री ने की. उन्होंने कहा कि ये मेरी बेइज्जती है कि मेरी रिप्लेसमेंट राखी सावंत है. आपको मुझे लोवरक्लास कहने का क्या अधिकार है?'' राखी ने ये भी कहा कि तनुश्री को मीटू आंदोलन का प्रचार करने के लिए पैसे मिले हैं इसलिए वो बॉलीवुड को बदनाम कर रही हैं.

## मुंबई एयरपोर्ट पर मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने अपने अंदाज में मोह लिया दिल



**मिस** वर्ल्ड मानुषी छिल्लर आज मुंबई एयरपोर्ट पर बहुत ही ग्लैमरस अवतार में नज़र आईं वैसे तो मानुषी हमेशा ही अपने लुक से इंप्रेस करती हैं लेकिन यहां उन्हें जिसने भी देखा बस देखता ही रह गया. एयरपोर्ट पर मानुषी ने मुस्कुराते हुए पैपराजी को पोज दिया. मानुषी के बॉलीवुड में डेब्यू की खबरें काफी समय से हैं. कुछ दिनों पहले मानुषी ने कहा था कि अगर उन्हें कभी काम करने का मौका मिलता है, तो वह एक्शन फिल्म करना चाहेंगी. फिल्म में आने की संभाव नाओं के बारे में मानुषी ने कहा कि उनके पास कोई प्रोडक्शन हाउस नहीं है और इस कारण वह नहीं बता सकतीं कि वह कब तक फिल्मों में आएंगीं. उन्होंने कहा कि उनके जीवन में सभी चीजें अचानक ही हुई हैं. अभी फिल्में करने की उनकी कोई योजना नहीं है, आगे देखते हैं कि क्या होता है.

## *सनी लियोनी की फिल्म वीरमादेवी का साउथ में विरोध, बैन करने की हो रही मांग*



***सनी** लियोनी को कर्णाटक में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, सनी साउथ की हिस्टोरिकल ड्रामा मूवी वीरमादेवी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं जिसका कुछ संगठन जमकर विरोध कर रहे हैं।वीरमादेवी साउथ की एक वॉरियर क्वीन थी जिनके नाम पर साउथ में कई मंदिर बने हैं। विरोध कर रहे संगठनों का कहना है कि पोर्न स्टार सनी को इस फिल्म में कास्ट करके वीरमादेवी का अपमान किया गया है इसलिए इसपर तुरंत बैन लगना चाहिए।*

*क्या लगेगी रोक: मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विरोध कर रहे कुछ संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तो अपने हाथ भी ब्लेड से काट लिए ताकि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और फिल्म पर रोक लगाए क्योंकि उनके मुताबिक यह फिल्म लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही है।*

*सनी के कॉन्सर्ट का भी विरोध: इतना ही नहीं,कन्नड़ रक्षण वेदिके युवा सेना ने ये भी धमकी दी है कि ३ नवंबर को बेंगलुरु में होने वाले कॉन्सर्ट का भी वो विरोध करेंगे। अगर सनी को फिल्म से नहीं हटाया गया तो वो बड़ा हंगामा भी कर सकते हैं।*

*इस संगठन के प्रवक्ता हरीश ने कहा कि हमें किसी से परेशानी नहीं लेकिन हम चाहते हैं कि सनी ये फिल्म छोड़ दें,नहीं तो हमें भी वैसा ही प्रदर्शन करना होगा जैसा कि राजस्थान में पद्मावत को लेकर हुआ था।*

## *टीवी स्टार काइली जेनर के खिलाफ मेकअप-लाइन चोरी करने का मामला दर्ज*

**रियलिटी** टेलीविजन स्टार और मेकअप प्रोडक्ट्स की निर्माता काइली जेनर पर एक मेकअप कंपनी ने प्रोडक्ट चोरी का आरोप लगाया है। शिरी कॉस्मेटिक्स कंपनी ने काइली और उनकी कंपनी काइली कॉस्मेटिक्स पर उनकी बॉर्न टू स्पार्कल मेकअप-लाइन को चोरी करने का आरोप लगाया है। क्या है मामला : कंपनी का दावा किया है कि उनका खुद का बॉर्न टू स्पार्कल कलेक्शन है लेकिन काइली उनके ही कलेक्शन के समान रंगों व पैकेजिंग के साथ इसी नाम से बॉर्न टू स्पार्कल आईशैडो की रेंज शुरू की है। काइली के बर्थडे कलेक्शन में लिप ग्लॉस, लिपस्टिक, लिप लाइनर और आई ग्लिटर शामिल है जो छह अगस्त को लॉन्च किया था। बॉर्न टू स्पार्कल आईशैडो भी इसी का हिस्सा है। कंपनी अथॉरिटीज का कहना है कि उन्होंने ३० अगस्त को ट्रेडमार्क का आवेदन दिया था इसलिए इसे साबित करना मुश्किल है।

लग्जरी है काइली की लाइफ स्टाइल : काइली जेनर लग्जरियस लाइफ जीती हैं। काइली ने ४१ करोड़ रुपए केवल घर के रेनोवेशन पर खर्च कर दिए। इसके अलावा काइली फ्रीक्वेंट ट्रेवलर हैं। वे प्राइवेट जेट से ही ट्रेवल करती हैं। कार कलेक्शन में २.२ करोड़ रुपये की फेरारी व २.७९ करोड़ रुपये की लैम्बॉर्गिनी कार है। साथ ही ऑडी, टेस्ला, मर्सिडीज बेंज, रेंजरोवर जैसे ब्रैंड शामिल हैं।





# होप ने बनाई सेंचुरी, मैच रहा टाई

**भारत** और वेस्ट इंडीज के बीच बुधवार को विशाखापत्तनम में खेला गया सीरीज का दूसरा मैच टाई रहा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली के शानदार शतक की बदौलत ३२१ रन बनाए। जवाब में शाई होप के आखिरी गेंद पर चौके की बदौलत वेस्ट इंडीज ने मैच टाई करवा लिया। इस मैच में कई रेकॉर्ड बने एक नजर डालते हैं उन पर भारत और वेस्ट इंडीज के बीच यह दूसरा टाई ध्ध्र्फ रहा। इससे पहले ६ दिसंबर १९९१ को पर्थ में खेला गया वनडे मैच टाई रहा था। तब दोनों टीमें १२६ पर ऑल आउट हो गई थीं। विराट कोहली ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल में १६८४ रन बना लिए हैं। कोहली ने २९ पारियों में ७०.१६ के औसत से ये रन बनाए हैं। वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंडुलकर के १५७३ रनों के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सचिन ने ५२.४३ की औसत से ३९ पारियों में ये रन बनाए थे। ८८.३१ है कोहली का बल्लेबाजी औसत बतौर वनडे कप्तान। इस दौरान उन्होंने ३३५६ रन बनाए हैं। ३००० से ज्यादा रन बनाने वाले किसी भी कप्तान के रूप में यह सबसे ज्यादा का बल्लेबाजी औसत है। कोहली ने वनडे करियर की ३७वीं सेंचुरी लगाई। यह वेस्ट इंडीज के खिलाफ उनकी छठी सेंचुरी है।



# INDvsWI: उमेश यादव ने फेंका अंतिम ओवर और मैच टाई

**विशाखापत्तनम,** भारत और वेस्ट इंडीज के बीच बुधवार को खेला गया दूसरा वनडे मैच रोमांचक पलों में टाई हो गया। मैच का फैसला अंतिम गेंद पर हुआ। शाइ होप मैच की अंतिम बॉल पर भले ही अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए हों, लेकिन उनके शानदार चौके ने वेस्ट इंडीज की हार टाल दी। शाइ होप ने बेहतरीन पारी खेलते हुए १२३ङ रन की पारी खेली। इस दौरान १३४ बॉल का सामना किया, जिसमें १० चौके और ३ छक्के शामिल थे। होप जब क्रीज पर आए, तब विंडीज टीम का स्कोर ३६ रन ही था। लेकिन अपनी जुझारू पारी के दम पर वह मैच की आखिरी गेंद तक क्रीज पर बने रहे। मैच के अंतिम ओवर में किसी भी टीम के लिए राह आसान नहीं थी। अभी विंडीज टीम के पास ४ विकेट हाथ में थे और उसे जीत के लिए १४ रन की दरकार थी। मेहमान टीम के लिए शतक जड़कर खेल रहे शाइ होप और एश्ले नर्स मैदान पर थे। विराट कोहली ने अंतिम ओवर फेंकने के लिए विदर्भ एक्सप्रेस उमेश यादव को बॉल सौंपी। अंतिम ओवर की



पहली बॉल फुल लेंथ और ब्लॉक होल में गेंद। होप के बल्ले का अंदरुनी किनारा लगा। होप १ रन दौड़ पड़े।

**दूसरी बॉल:** उमेश ने एक बार ब्लॉक होल में फेंकी। इस बार गेंद फुलटॉस थी, लेकिन नर्स यहां चूक कर गए। गेंद उनके पैड पर जा लगी। धोनी गेंद की लाइन में पीछे आए थे, लेकिन यह गेंद ऑफ स्टंप से होती हुई सीमा रेखा के बाहर जा पहुंची। लेग बाय के रूप में विंडीज को चौका मिला। लेकिन रन कैसे भी आएं विंडीज के लिए यहां उपयोगी थे।

**मैच रिपोर्ट:** भारत की उम्मीदों पर होप ने फेरा पानी, दूसरा वनडे टाई **तीसरी बॉल:** इस बार उमेश ने यॉर्कर फेंकी। यहां नर्स ने किसी तरह गेंद को मिड विकेट की ओर फ्लिक कर दिया। नर्स ने २ रन दौड़कर विंडीज के लिए राह और आसान करने का प्रयास किया।

# यू मुंबा ने तेलुगू टाइटंस को ४१-२० से दी शिकस्त

***पुणे:** Pro Kabaddi League २०१८ के २९वें मैच में सिद्धार्थ देसाई के शानदार १७ अंकों की बदौलत यू मुंबा ने मंगलवार को तेलुगू टाइटंस को ४१-२० के बड़े अंतर से हराकर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन-६ में अपनी चौथी जीत दर्ज की. मुम्बा की जोन-ए में छह मैचों में यह चौथी जीत है तो वहीं तेलुगू टाइटंस की पांच मैचों में यह दूसरी हार है. श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेले गए इस मैच के यू मुंबा की टीम ने हाफ टाइम तक १७-१२ की बढ़त बना रखी थी और दूसरे हाफ में अपनी बढ़त को कायम रखते हुए ४१-२० से मैच जीत लिया. यू मुंबा के लिए सिद्धार्थ के अलावा फजल अत्राचली ने चार और सुरेंद्र सिंह, विनोद कुमार तथा अबुफजल मगसोदलु ने दो-दो अंक हांसिल किए. टीम ने रेड से २२, टैकल से १२, ऑलआउट से छह और एक अतिरिक्त अंक बटोरे. तेलुगू के लिए राहुल चौधरी ने सात, फरहाद मिलगारदन ने चार और अनिल कुमार तथा मोहसीन मगसोदलु ने दो-दो अंक लिए. तेलुगू की टीम ने रेड से १३, टैकल से छह और एक अतिरिक्त अंक जुटाए.*



## कुत्ते ने पांच बच्चों को काटा

**भिवंडी :** शाहपुर तालुका के आसनगांव में आवारा कुत्ते ने पांच बच्चों को काटकर घायल कर दिया है। इन्हें इलाज के लिए शाहपुर स्थित उप जिला अस्पताल में लाया गया था, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बाद में उन्हें ठाणे के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार आसनगांव में अपने घर के पास खेल रहे तृप्ति सिंह (६),राज सिंह (९), स्वप्नाली (५) ज्योति चौधरी (११) व कपिल प्रसाद (८) को एक आवारा कुत्ते ने काट लिया। गंभीर रूप से घायल उन बच्चों को इलाज के लिए शाहपुर स्थित उप जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. प्रमोद गवई ने बताया कि अस्पताल में रैबीज का इंजेक्शन उपलब्ध था। इस कारण बच्चों को इलाज के लिए ठाणे के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाहपुर तालुका में इस समय कुल नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिसमें एक वर्ष में ८१२ बच्चों को कुत्ते के काटने पर इलाज किया गया है।

## विरार आरपीएफ ने पकड़ा जेब कतरों का गिरोह

**मुंबई:** पश्चिम रेलवे के विरार स्टेशन पर गश्त के दौरान आरपीएफ ने लोगों की जेब काटने वाले गिरोह को पकड़ा है। मामला रविवार देर रात का है, जब ट्रेन छूटने के बाद एक यात्री प्लेटफॉर्म पर सो रहा था। इस दौरान आरोपी शख्स उसके पास चुपचाप आकर बैठ जाता है और उसकी जेब काटकर पर्स को जमीन पर फेंक देता है। इस दौरान गश्त में लगे आरपीएफ के जवानों को संदेह होने के कारण आरोपी और उसके गिरोह के अन्य दो सदस्य पर निगाह बनाए हुए रखते हैं। विरार आरपीएफ के गोरखनाथ मल्ल ने बताया कि प्लैटफॉर्म नंबर ५-६ पर तीन लोग संदिग्ध अवस्था मे घूम रहे थे। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात जवानों ने उन पर नजरें बनाई रखी। इसमें से एक आरोपी ने जब वारदात को अंजाम दिया, तो उसके दूसरे साथी भी गिरफ्त में आ गए। पीड़ित यात्री के बयान के बाद सोमन लखन कर्मकार (१९), कर्ण प्रकाश शेगा (१८) और लखन आनंद (२३) के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

## अब इस दरवाजे से कोई नहीं जाएगा

**ठाणे,** में पोखरण रोड २ स्थित सुभाष नगर में अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। एक मकान की दीवारें ढहाने के बाद जेसीबी ने जब उसके दरवाजे को गिराने के लिए अपना पंजा बढ़ाया तो पास खड़ा हुआ व्यक्ति शायद यही सोच रहा होगा कि अब इस दरवाजे से कोई नहीं जाएगा। देशभर से लोग मुंबई में रोजगार की तलाश में आते हैं। बहुत सारे लोग अपने परवारों के साथ मुंबई की ट्रेन के जनरल डिब्बों में चढ़ जाते हैं। यहां संघर्ष करते हुए कई लोग पटरियों के किनारे, सरकारी जमीनों पर अपनी झोपड़ी डाल लेते हैं और सालों-साल रहते हुए धीरे-धीरे पक्के मकान खड़े कर लेते हैं। मुंबई और आसपास के उपनगरों में अतिक्रमण करके बनाए गए ऐसे तमाम मकान हैं, सरकारी महकमा जिन्हें समय-समय पर ध्वस्त करता रहता है। कुछ खुशकिस्मत लोग ऐसे भी होते हैं, जिनके मकान वैध कर दिए जाते हैं।

## नौकरी नहीं दिलाई, तो कर दी हत्या

**कल्याण:** नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये लेने वाले एक व्यक्ति की रविवार दोपहर एक होटल में हत्या कर दी गई। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कल्याण (पश्चिम) के बिरला रोड स्थित ड्यूक्स लॉज में रविवार दोपहर होटल व्यवसायी अनिल सानप की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि अनिल ने दोस्त संतोष बरदडे से सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ३५ लाख रुपये लिए थे। कई महीने बाद जब नौकरी नहीं लगी और पैसे भी वापस नहीं मिले, तो संतोष ने लॉज में कमरा बुक किया और अनिल को वहां बुलाया। वहां दोनों के बीच बहस हुई और संतोष ने कोयता से अनिल की हत्या कर दी। हत्या के बाद संतोष ने सरेंडर कर दिया।

## बैंक में महिला से झपटे साढ़े १० हजार रुपये

**मीरा-रोड:** गुरुवार दोपहर एक बजे मीरा-रोड निवासी और पेशे से शिक्षिका नसरीन खान मीरा-रोड स्थित सेंट्रल बैंक बैंक से पैसे निकालने गयी। जैसे ही वो पैसे निकाल बैंक से बाहर आ रही थी कि तभी एक व्यक्ति उनके हाथ से साढ़े १० हजार रुपये छीनकर भाग गया। सारी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है ।

## नगरसेवक पत्नी का भी मामला दर्ज

**मीरा-रोड:** भाजपा नगरसेवक दौलत गजरे और उनकी पत्नी कमल गजरे, बेटी पर मामला दर्ज होने के बाद अब नगरसेवक की पत्नी कमल गजरे ने भी एट्रोसिटी के तहत मामला दर्ज कराया है। मामला कुछ इस प्रकार है नवरात्रि के अंतिम दिन मीरा-रोड की सोसाइटी में एक गाने को लेकर विवाद हो गया। मामला पुलिस स्टेशन पहुंचा और पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गजरे और उनके परिवार पर विनयभंग और छेड़खानी का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने अब जवाबी कार्रवाई में पीड़िता के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है ।

## मारपीट करने वाले ३ गिरफ्तार

**मीरा-भाईंदर:** काशिमिरा पुलिस ने ३ लोगों को ५७ वर्षीय शिवराम सिंह को पीटने के आरोप में गिरफ्तार किया है। फिलहाल, शिवराम सिंह आईसीयू में है। पुलिस के मुताबिक, शिवराम की गाड़ी से आरोपियों की गाड़ी को हल्की टक्कर लग गई, जिसके बाद तीनों ने मिलकर उसे हेलमेट से बुरी तरह पीट दिया। आरोपियों में एक महिला भी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## ओला-उबर ड्राइवरों का मोर्चा

**कल्याण:** ओला और उबर कंपनी के संचालकों के विरुद्ध 'गाड़ी बंद' आंदोलन चला रहे ड्राइवरों ने महाराष्ट्र राज्य राष्ट्रीय कामगार संघ (इंटक) के बैनर तले कल्याण के बिर्ला कॉलेज के पास प्रदर्शन किया। कल्याण के आस-पास दुर्गाडी, भिवंडी और उल्हासनगर में भी हड़ताल का असर देखा गया। कंपनी संचालकों के खिलाफ टैक्सी चालक पिछले २ दिन से हड़ताल पर हैं। ड्राइवर संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि शांतिपूर्वक सभी ओला चालक हड़ताल में शामिल हैं।

## लेडीज बार में छापा, १२ गिरफ्तार

**मीरा रोड:** ठाणे ग्रामीण अंतर्गत काशिमिरा पुलिस ने काशिमिरा स्थित स्टार नाइट बार (दासी बार) पर छापा मारकर ४ लड़कियों सहित १२ लोगो को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वैभव सृंगारे ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि स्टार नाइट बार में लड़कियों द्वारा अश्लील नृत्य किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि पर पुलिस ने छापा मार ४ लड़कियों और होटल स्टाफ के ८ लोगों को गिरफ्तार किया।

## मेडिकल कॉलेजों के लिए नैक अनिवार्य!

**मुंबई:** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की तरफ से मेडिकल कॉलेजों के लिए ग्रेड अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसके लिए नैक ने एक मसौदा तैयार किया गया है। इसमें कॉलेजों को पूर्णकालीन प्राध्यापक, संशोधन और पाठ्यक्रम और अन्य सुविधाओं की जानकारी देनी होगी। फिलहाल देश में मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को नैक की ग्रेड लेना अनिवार्य नहीं है, लेकिन अब गुणवत्ता और मानकों को और अधिक ऊंचा करने के लिए मेडिकल कॉलेजों के लिए एक अलग मसौदा बना है। इसमें मेडिकल, डेंटल, फिजियोथेरपी, नर्सिंग आदि पाठ्यक्रमों वाले कॉलेज शामिल हैं।

## हाइवे पर कार का कांच तोड़कर चोरी

**वसई:** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर अज्ञात चोरों ने एक कार का कांच तोड़कर उसमें रखे २५ हजार रुपये और एक मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस के अनुसार, बोरीवली निवासी सतीश वीरचंद शाह ने शुक्रवार रात ९ बजे अपनी जग्वार कार हाइवे के लोढाधाम मंदिर के सामने पार्क की थी। उसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने कार का कांच तोड़ा और चोरी कर फरार हो गया।

## भिवंडी के पेपर गोदाम में आग

**भिवंडी:** दापोडा के उदया कृपा कॉम्प्लेक्स स्थित रॉयल पेपर मिल्स के गोदाम में रविवार शाम आग लगने से चार गोदाम जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग पर काबू पाए जाने तक करोड़ों रुपये का माल जलकर खाक हो गया था। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का काम जारी था। पुलिस के अनुसार, रॉयल पेपर मिल्स के चार गोदाम हैं, जिनमें भारी पैमाने पर पेपर एवं एल्युमिनियम पेपर रखा था।

## एलबीएस मुद्दे पर हंगामा

**मुंबई:** एलबीएस रोड के विस्तारीकरण के दौरान दुकानदारों की समस्या को लेकर स्थायी समिति में हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष रवि राजा ने मुद्दा उठाते हुए २००० तक के कागजात के आधार पर आबंटन की मांग की। राजा ने कहा कि तमाम प्रॉजेक्ट में पात्रता २००० के आधार पर तय की जा रही है, ऐसे में एलबीएस रोड पर १९६२ को आधार बनाने की वजह से दुकानदारों पर अन्याय हो रहा है। सालों से बसे हुए इन दुकानदारों के साथ बीएमसी को अन्याय रोकना होगा। इस मुद्दे पर सभागृह नेता विशाखा राऊत और राकांपा ग्रुप नेता राखी जाधव ने भी समर्थन किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार के आरोप की होगी जांच




**भिवंडी:** तालुका के अकलोली गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आदिवासियों को दिए गए घर के मामले में भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जिला परिषद के कार्यकारी मुख्य अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। उनका कहना है कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि योजना के तहत भिवंडी तालुका के वज्रेश्वरी के पास स्थित अकलोली गांव में ६० आदिवासियों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं। आरोप है कि उन्हें घर दिलाने के मामले में प्रत्येक आदिवासी परिवार से तत्कालीन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सात हजार रुपये रिश्वत ली थी। सूत्रों के अनुसार, आदिवासियों से रिश्वत लेने का मामला प्रकाश में आते ही ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक भीमनवार ने जांच के लिए जिला परिषद के अधिकारियों की एक टीम बनाकर उसे रवाना कर दिया है।

**तालुका में पहले भी गड़बड़ी**

शाहपुर तालुका में शौचालय योजना में गड़बड़ी पाए जाने पर जांच के बाद संबंधित लोगों को निलंबित करके उनके विरुद्ध पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया था। मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक भीमनवार के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बात करने से पहले उन्होंने खुद यहां के लोगों से बात की थी। उसमें अकलोली गांव की महिला शामिल थी। उस समय किसी ने भी भ्रष्टाचार की कोई शिकायत नहीं की थी।

# सूरत रेप और मर्डर केस का आरोपी बिहार से गिरफ्तार



**सूरत:** सूरत में तीन साल की मासूम के साथ बलात्कार के बाद हत्या करने वाले आरोपी अनिल यादव को सूरत पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार किया है. आरोपी सूरत के लिम्बायत इलाके में १४ अक्टूबर की रात को बच्ची के साथ बलात्कार के बाद हत्या को अंजाम देकर फरार हो गया था. सूरत पुलिस ने अनिल यादव को बिहार राज्य के बक्सर जिला अंतर्गत आने वाले मनिया गांव से १९ अक्टूबर को गिरफ्तारी की है. बलात्कार और हत्या के आरोपी अनिल यादव को गिरफ्तार करने में सूरत पुलिस के साथ बिहार पुलिस की टीम भी शामिल थी. अनिल यादव ने १४ अक्टूबर की शाम को पड़ोस में रहने वाली तीन साल की बच्ची का अपहरण कर अपने कमरे में बंद कर दिया था और फिर रात का समय होने पर अपने ही कमरे में बच्ची के साथ बलात्कार किया और फिर बाद में उसकी हत्या कर लाश को कमरे में ही एक बोरी में बंद कर रख दिया था. पुलिस ने बच्ची की लाश को उसके कमरे से बरामद किया था.पुलिस के मुताबिक जब बच्ची के माता पिता बच्ची को ढूंढ रहे थे तो खुद अनिल यादव भी बच्ची को ढूंढने में उनको मदद कर रहा था. लेकिन पुलिस ने जैसे ही सोसायटी के आसपास के सीसीटीवी खंगाल ने शुरू किए वो वहा से फरार हो गया. सूरत पुलिस कमिश्नर सतीश शर्मा का कहना है कि इस मामले में पहले ही सूरत पुलिस ने सारी जानकारी बिहार पुलिस को भेज दी थी. बिहार पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. सूरत शहर में बच्चियों के साथ हुई बलात्कार और हत्या की घटना के बाद अब सूरत पुलिस सामाजिक संगठनों की मदद से बच्चियों को सुरक्षित रखने हेतु एक अभियान शुरू करने जा रही है. पुलिस कमिश्नर सतीश शर्मा ने बताया कि सेफ होम सेफ स्ट्रीट के नाम से कैम्पेन शुरू किया है जिसमें ३५० पुलिस कर्मियों को ट्रेन किया गया है. बलात्कार और हत्या के आरोपी अनिल यादव को गिरफ्तार कर भले ही सूरत पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही हो मगर सूरत में पिछले कुछ महीनों में जिस तरह से मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार की घटनाएं घट रही हैं वो चिंता का विषय है.

# गाड़ियों की कीमत २२ लाख ७२ हजार रुपये

**ठाणे:** वागले इस्टेट पुलिस ने कार ठगकर बेचने वाले गिरोह से जुड़े शातिर आरोपी को अपनी गिरफ्त में लिया है। पुलिस ने नूर अहमद सिद्दीक उर्फ समीर से पूछताछ कर चार कारें जब्त की हैं, जिनमें टोयोटा इनोवा, फोर्ड फियास्टार, मारुती स्विफ्ट डिजायर तथा एसेंट कार शामिल है। पुलिस ने बताया कि गाड़ियों की कीमत २२ लाख ७२ हजार रुपये है। वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई एस. पठान ने बताया कि समीर और उसके दोस्त निजी कार मालिकों से किराए पर कार लेते थे। वे कार मालिक को आश्वासन देते थे कि किराया देने के अलावा, बैंक के कर्ज का हफ्ता भी भरेंगे। कार मालिक का भरोसा हासिल करने के बाद गिरोह के लोग गाड़ी की नंबर प्लेट और रंग बदल देते और उसे दूसरे राज्य में बेच आते। फिर अपना मोबाइल नंबर या तो बंद कर देते या बदल देते थे। वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन में टोयोटा इनोवा कार की ठगी का मामला दर्ज हुआ था। मामले की छानबीन में पुलिस को पता चला कि गिरोह से जुड़ा आरोपी नूर अहमद दहिसर पुलिस की गिरफ्त में है। वागले इस्टेट पुलिस ने नूर अहमद को अपनी हिरासत में लिया। पूछताछ में बताया कि उसने ऐसी कई वारदातों को अंजाम दिया है।

# जमुई में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, रंगरेलिया मनाते मुखिया गिरफ्तार

**बिहार:** बिहार में जमुई के महिसौड़ी इलाके में छापामारी कर पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस दौरान पुलिस ने मकान के कमरे से खैरा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष को एक लड़की के साथ आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया. मुखिया के साथ दो और लोग अय्याशी करते हुए पकड़े गए हैं.

बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जमुई के मसिसौड़ी मुहल्ला स्थित मकान में जिस्मफोरशी का धंधा चल रहा है. पुलिस ने छापेमारी की तो मुखिया एक लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया. पुलिस ने उसके एक सहयोगी और मकान मालिक कन्हैया सिंह को भी गिरफ्तार किया. छापामारी टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीपीओ रामपुकार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई थी. सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है.

बताया जा रहा है कि इस मकान में काफी दिनों से जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा था. मुखिया इलाके का बाहुबली माना जाता है और उस पर दर्जनों संगीन मामले दर्ज थे. लेकिन पुलिस दबिश के बाद उसने सरेंडर कर मुखिया का चुनाव लड़ा और जीत गया. इलाके में उसका इतना दबदबा है कि उसके खिलाफ कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं हुआ था और वह निर्विरोध चुनाव जीता था.

# शिवाजी स्मारक के काम के लिए जा रही बोट डूबी



**मुंबई,** अरब सागर में प्रस्तावित छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक की आधारशिला के काम में शरीक होने जा रही एक बोट बुधवार को पलट गई। इस पर २२ लोग सवार थे। उनमें से २१ को बचा लिया गया। काफी मशक्कत के बाद एक व्यक्ति को निकालकर उपचार के लिए सेंट जार्ज अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान सांताक्रुज के सिद्धेश पवार के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस दुर्घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने मृतक सिद्धेश पवार के परिजन को ५ लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। दुर्घटना के बाद राज्य सरकार ने समारोह रद्द कर दिया।

मुंबई में शिवाजी का विशाल स्मारक बनाने के लिए पर्यारण विभाग से हरी झंडी मिलने के बाद बुधवार से औपचारिक रूप से निर्माण कार्य की शुरुआत बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव डी.के. जैन के हाथों होनी थी। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ४ बोट पर सवार होकर अधिकारियों सहित ४० लोग जा रहे थे। उन्हीं में से एक बोट समुद्र में एक लाइट हाउस के पास चट्टान से टकरा गई, जिसके बाद उसमें पानी भरने लगा। इस बोट पर सार्वजनिक निर्माण कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील के विशेष कार्य अधिकारी श्रीनिवास जाधव, पीए खानोलकर और शिवा संग्राम के २० कार्यकर्ता सवार थे। यह जगह मरीन ड्राइव से करीब ३.५ किलोमीटर दूर है।

# सरकार ने रातों-रात बदल डाली सीबीआई




नई दिल्ली: सीबीआई के डायरेक्टर आलोक वर्मा और स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना को मंगलवार शाम को सेंट्रल विजिलेंस कमिशन ने छुट्टी पर भेजने और उनके खिलाफ जांच की सिफारिश की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ बैठक कर दोनों टॉप अफसरों को हटाने का ग्रीन सिग्नल दिया। मंत्रियों को भी फैसले की जानकारी दी गई। सीबीआई प्रशासन को देखने वाले कार्मिक विभाग के सेक्रेटरी और स्टाफ को बुलाकर उनसे रात २:३० बजे वर्मा और अस्थाना समेत एजेंसी के तीन टॉप अफसरों से सारे अधिकार वापस लेने और उन्हें छुट्टी पर भेजने की अधिसूचना जारी करवाई गई। सीबीआई के अंतरिम डायरेक्टर के रूप में आईपीएस अफसर एम. नागेश्वर राव के नाम पर नियुक्ति मामलों की कमिटी से सहमति ली गई। फिर राव को तुरंत चार्ज लेने और सीबीआई में खेमेबाजी में जुटे अफसरों को तुरंत अलग करने को कहा गया।

अफसरों की जंग से सीबीआई की छवि पर लगे दाग धोने के लिए मोदी सरकार ने मंगलवार को मिडनाइट ऑपरेशन किया और सीबीआई में टॉप अफसरों को ही बदल डाला। आधी रात के बाद इतिहास में पहली बार इस जांच एजेंसी के डायरेक्टर आलोक वर्मा और स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना को एकसाथ छुट्टी पर भेजने के आदेश जारी किए गए। साथ ही, एम. नागेश्वर राव को सीबीआई का अंतरिम चीफ चुनकर उन्हें तुरंत काम में जुट जाने को कहा गया, जिन्होंने फौरन तबादले कर सीबीआई के स्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव किया।

जबरन छुट्टी पर भेजने के सरकार के फैसले को सीबीआई डायरेक्टर आलोक वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और इसे जांच एजेंसी की आजादी में दखल बताया। वर्मा की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को सीबीआई चीफ और स्पेशल डायरेक्टर को रातोंरात छुट्टी पर भेजने और संवेदनशील मामलों की जांच कर रहे कई अफसरों के तबादले पर तुरंत सुनवाई चाही। उन्होंने नागेश्वर राव को अंतरिम चीफ बनाने के फैसले को भी चुनौती दी है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुआई वाली पीठ शुक्रवार को इस मामले को सुनेगी।

**विपक्ष ने राफेल से जोड़ा**

सीबीआई पर सरकारी ऐक्शन को विपक्षी दलों ने जांच एजेंसी में दखल बताया। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम ने राफेल की जांच रोकने के लिए सीबीआई चीफ को हटाया है। तृणमूल नेता ममता बनर्जी, 'आप' पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल समेत कई नेताओं ने इस पर सरकार को घेरा। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि अफसरों को सीवीसी की सिफारिश पर हटाया गया है। सीबीआई की ईमानदारी और भरोसे को कायम रखने के लिए यह जरूरी था। अफसरों को छुट्टी पर भेजे जाने पर जेटली ने कहा कि आरोपियों को अपने ही खिलाफ जांच का प्रभारी नहीं बनने दे सकते हैं।

**१३ तबादले, अस्थाना की जांच को SIT**

चेन्नै जोन में जॉइंट डायरेक्टर रहे नागेश्वर राव तेजतर्रार अफसर माने जाते हैं। वह शारदा चिटफंड घोटाले की जांच कर रहे थे। वह राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित हो चुके हैं। राव ने देर रात ही काम-काज संभालकर १३ अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें ज्यादातर अफसर अस्थाना खेमे के हैं। शिफ्ट हुए अफसरों में अस्थाना केस की जांच कर रहे ए. के. बस्सी भी हैं, जिन्हें पोर्ट ब्लेयर भेजा गया है। अस्थाना ने सीवीसी से शिकायत की थी कि बस्सी भटकाने वाली जांच कर रहे हैं। अब अस्थाना के खिलाफ घूसखोरी और वसूली के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी बनी है, जिनमें एसपी सतीश डागर हैं, जो गुरमीत रामरहीम केस की जांच कर चुके हैं।

# बेनामी लेन-देन पर बनेगी अथॉरिटी

**नई दिल्ली:** बेनामी लेन-देन से जुड़े मामलों को जल्द निपटाने के लिए सरकार ने बुधवार को अपीलेट ट्राइब्यूनल ऐंड ऐडज्युडिकेटिंग अथॉरिटी की स्थापना को मंजूरी दी। इसका फैसला प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में लिया गया। इससे पहले सरकार ने इसी महीने की शुरुआत में ३४ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऐसे सत्र न्यायालयों नोटिफाई किए थे, जो बेनामी लेन-देन कानून से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट का काम करेंगे। बेनामी लेन-देन उन सौदों को कहा जाता है, जो फर्जी नाम से किए जाते हैं या फिर संपत्ति के मालिक को मालिकाना हक की जानकारी नहीं होती है। ऐसा भी होता है कि संपत्ति के लिए भुगतान करने वाला शख्स अपना पता न दे।

# इ.ओ.डब्लू की जाँच पड़ताल के बाद डॉ.नोव्हेरा शेख पे जे जे पुलिस स्टेशन में एफ आई आर दर्ज

मुंबई में एक पत्रकार सम्मेलन कर शाने इलाही तुर्की वकील ने बताया की हमने जेजे पुलिस स्टेशन व गुनाह शाखा इ.ओ.डब्लू की जाँच पड़ताल के बाद रात को जे जे पुलिस स्टेशन में एफ आई आर दर्ज कराइ है ! इस एफ आई आर में धरा ४०९ .४२०. १२०ब. भारतीय दंड संहिता एक्ट के साथ ही साथ इस में पि .सी .एम .सी .एक्ट भी लगाया गया है जो ३.४.५.६. मूल्य चिट पैसा परिसंचरण असर (PRICE CHEAT MONY SARKOLATION BEARING) एक्ट होता है उस के बाद एम पि.आई डी (MPID) एक्ट जो की महाराष्ट्र सुरक्षा अधिनियम के तहत निवेशक जमा करना (MAHRASHTRA PROTECTION OF INVEATOR DEPOSIT) एक्ट होता है इस में ३ अनुभाग लगाए गए है इस एफ आई आर में हीरा गोल्ड हीरा एक्सज़िंग हीरा रिटेल. हीरा टैक्स हिरा फूड्स की सी.ओ. डॉ. नोव्हेरा शेख व इन के मुंबई के सब से बड़े एजेंट जिन के नाम पे २० से २५ हज़ार एक बड़ी तादाद में निवेशको ने पैसा लगाया जिस की आयोग इन्हो ने खाई है उन का नाम सलीम अंसारी है जिनका ऑफिस भिंडी बाजार में है.



लगभग एक अनुमान के अनुसार ५०० से १००० करूर सिर्फ मुंबई के निवशकों का होने का अंदाज़ा है शान इलाही तुर्की वकील ने बताया की डॉ. नोव्हेरा शेख के वकील का कहना है की डॉ. नोव्हेरा शेख सब का पैसा बहुत जल्द दे दे गी .वही शाने इलाही वकील ने साफ़ अल्फाज़ो में कहा की मेरा डॉ. नोव्हेरा शेख से और उन की कंपनी से कोई व्यक्तिगत तोर पे दुश्मनी नहीं है ना हमारी ऐसी कोई मंशा है की डॉ. नोव्हेरा शेख जेल जाए हम सिर्फ यह कहना चाहते है की वो हमारे क्लाइंट, इन्वेस्टरों का पैसा वापस दे दे जिन्होंने आप की कंपनी में निवेश किया है.

शान इलाही तुर्की वकील ने डॉ.,नोव्हेरा शेख को कहा की आप ने जो निवेशकों से कहा की अगर आप लोग न्याय्ले जाएगे तो आप को ५ से १० साल न्याय्ले के चक्कर काटने पड़ेगे और आप को पैसा भी नहीं दिया जाएगा ये भी कहा की जो पुलिस स्टेशन जाएगा तो वो अपना पैसा पुलिस से ही ले लेना सीधे अल्फाज़ो में कहा जाए तो आप ने निवशकों को गुमराह किया उन्हें डराया हलाल कमाई बता कर दीन इस्लाम धरम की आड़ में आम लोगो को एक सेलोव ज़हर दिया ! जो की ना कबीले बरदाश है

डॉ. नोव्हेरा शेख को अपने निवशकों के बारे में सोचना चहिये जो बुज़ुर्ग है बेवा है महिलाऐ है ऐसे भी लोग है जिन के घर पे कमाने वाला कोई नहीं ऐसे लोगो ने आप की कंपनी में पैसा निवेश किया है डॉ.,नोव्हेरा शेख को भी इन लोगो का ख्याल रखते हुए काम करना चाहिए ना की इन्हे नज़र अंदाज़ करे!साफ़ अल्फाज़ो में कहा जाए तो शान इलाही तुर्की वकील ने डॉ.,नोव्हेरा शेख को इस पत्रकार सम्मेलन के माध्यम से कहा की वो हमारे मुंबई करो का निवेश वापस कर दे.



२१ .१० .२०१८ रविवार को शाम ४ बजे जनसेवा महिला बचत गत व सहारा महिला बचत गट की शाखा प्रारंभ की गई, इस मौके पर मेहमान-ए-खुसूसी लाल मुहम्मद और तब्बस्सुम महापुले मौजूद थीं.

## (ब्राउन शुगर) नामक ड्रग्स की तस्करी करने वाले पर इनकांटर स्पेशलिस्ट दया नायक की बड़ी कार्रवाई



**मुंबई :** इनकांटर स्पेशलिस्ट दया नायक ने जब से अपना काम संभाला है तब से नशे के व्यापारी का जीना मोहाल होगया जिस की वजह से मुंबई मैं हो रहे छोटे बड़े अपराधों पर काफी हद तक लगाम लगी है.

इनकांटर स्पेशलिस्ट दया नायक को गुप्त सुचना मिली की अम्बोली पुलिस स्टेशन की हद में नशे के व्यापारी दुवारा(ब्राउन शुगर) नामक ड्रग्स की तज़करि होने वाली है सुचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी संयुक्त आयुक्त पुलिस देवीन भारती ( क़ानून विवस्ता विभाग ) पुलिस अतिरिक्त आयुक्त मनोज शर्मा (पश्चिम विभाग ) पुलिस उपायुक्त परमजीत सिंह धैय्या (विभाग ९) राजेंद्र चव्हाण सहायक पुलिस आयुक्त अम्बोली पुलिस स्टेशन विभाग के नेत्रोत में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भरत गायकवाड़, पुलिस निरीक्षक सरगर, सहायक पुलिस निरीक्षक दया नायक, बूमटे,चव्हाण,पाटिल,व दस्ते की एक टीम तैयार कर बताई हुवी जगह सब टी.वि.मॉल के पास न्यू लिंक रोड अँधेरी पश्चिम पे फील्डिंग (क्षेत्ररक्षण) लगा कर मोहम्मद लतीफ़ नासिर कुरैशी को गिरफ्तार कर उस के पास से १ किलो (ब्राउन शुगर) नामक ड्रग्स पकड़ा जिस की कीमत ३० लाख रूपये आँकी जा रही है!

# मीरारोड फ़ूड किंग हॉटल में ब्लास्ट पांच कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

मीरारोड पूर्व स्थित कनकीया सिनेमेक्स बिल्डिंग में आवेद रूप से बने फूड किंग हॉटल में अचानक ब्लास्ट हो गया! जिसमे पांच कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है !मिली जानकारी के अनुसार कनकिया बिल्डर दोवारा बनाया गया सिनेमेक्स सिनेमा हौल जो अब पीवीआर के नाम से चल रहा है उसी बिल्डिंग के तल मंजिल पर बनाया गया फूड किंग नामक होटल है ।इस होटल में रविवार को दोपहर अचानक कंप्रेसर में ब्लास्ट हो गया ।इस ब्लास्ट में हॉटल में कार्यरत पांच कर्मचारी सताबुदिन,कबीर, प्रहलाद देहरा,रंजन देहरा, और सताबुद्दिन शेख,बुरी तरह घायल हो गया है।ब्लास्ट क्यों हुआ इसकी जांच पुलिस कर रही है ।लोगों का कहना है कि रविवार को जब कर्मचारी हॉटल में आये और जैसे ही गैस जलाया तो गैस पाइप में आग लग गई और अचानक आग एसी कंप्रेसर तक पहुँच गई और कंप्रेसर ब्लास्ट हो गया।




**अवैध रूप बने फ़ूड किंग हॉटल पर मीरा भाईंदर मनपा कर चुकी है तोड़क कार्यवाही**

फूड किंग हॉटल पर कुछ महिना पहले मीरा भाईदर मनपा के तोड़क दस्ता कुछ महिना पहले इस होटल को आवेद करार देते हुए तोड़क कार्यवाही कर चुकी है। बावजूद इसके होटल संचालक दोवारा मीरा भाईंदर मनपा के कुछ रिश्वतखोर अधिकारी से सांठ-गांठ कर के फुड किंग होटल को फिर से बना दिया गया जिसकी वजह से यह जानलेवा हादसा हो गया।

फूड किंग हॉटल जब अवैध था मनपा की तोड़क दस्ता इस अवैध होटल पर कार्यवाही कर चूका है इसके बावजूद अग्निशमन विभाग दोवारा होटल को प्रमाण पत्र कैसे दिया गया? अग्निशमन द्वारा दिए गए प्रमाणपत्र की जाँच होनी चाहिए और जिस अधिकारी ने फूड होटल को लाइसेंस दिया उस पर तत्काल कार्यवाही कि जाना चाहिए।

इसी सिनेमेक्स बिल्डिंग के टेरिस पर अभी ही हुआ है। २० हजार फुट का अवैध निर्माण कनाकिया बिल्डर के इसी बिल्डिंग के टेरिस पर अभी फ़िलहाल में हुआ है। २० हजार फुट का अवैध निर्माण यह अवैध निर्माण मीरा भाईंदर मनपा के प्रभाग क्र ४ के अधिकारी कनिष्ट अभियंता तोड़क दस्ते के विभाग प्रमुख और एक स्थानीय सफेद पोस नेता की मिली भगत से किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस अवैध निर्माण को बचाने में एक बड़े सफ़ेद पोस नेता के रिश्तेदार का भी हाथ है, जिसके दबाव में मनपा प्रशासन अपनी आँखे बंद कर के मीरा भाईंदर शहर में मौत का तांडव देखना चाहती है जिस तरह फूड किंग में हादसा हुआ है ऐसे हादसे आने वाले दिनों में और भी हो सकते है।

## इरफान खान के फैन्स के लिए खुशखबरी दिवाली के बाद देश लौट सकते हैं



फिल्म अभिनेता इरफान खान के प्रवक्ता ने बुधवार को विदेश में अपना इलाज करा रहे अभिनेता द्वारा जल्द ही 'हिंदी मीडियम २' की शूटिंग शुरू करने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वह दीपावली के बाद हिन्दुस्तान लौट सकते हैं.

५१ वर्षीय अभिनेता इस वक्त विदेश में न्यूरोइंडोक्राइन ट्यूमर का इलाज करा रहे हैं. प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''इरफान के बारे में चल रही 'हिंदी मीडियम २, की शूटिंग दिसंबर में शुरू करने की खबर अटकलों पर आधारित है! कैंसर से जंग लड़ रहे इरफान खान ने दर्द को किया एक लाइन में बयान, कहा - अब सारी चिंताएं खत्म हो चुकी हैं.हालांकि उम्मीद है कि वह दीपावली के बाद भारत लौट सकते हैं.'' एक ऑनलाइन पोर्टल ने अपनी खबर में दावा किया था कि अपनी २०१७ की हिट फिल्म के सीक्वल की शूटिंग के लिए अभिनेता भारत वापस आ रहे हैं. इरफान ने अपनी बीमारी के बारे में ५ मार्च को बताया था. बाद में उन्होंने खुलासा किया था कि उन्हें न्यूरोइंडोक्राइन ट्यूमर होने का पता चला है जो बहुत कम लोगों को होती है और शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित कर सकती है. लंदन में अपना इलाज करा रहे इरफान ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर भी पोस्ट की थी, जिसमें वह थोड़े कमजोर लेकिन खुश नजर आए. तस्वीर में इरफान पीले रंग की टीशर्ट पहने हुए खिड़की के शीशे के पास खड़े थे. उनके गले में ईयरफोन दिखरहा था वह मुस्कुराते हुए फोटो में नज़र आरहे थे.


**मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है**

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIATION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738



New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


## सवा तीन घंटे की समुद्री सजा! लापरवाही से खतरे में पड़ी जान

**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज का समुद्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्मारक बनाने का प्रत्यक्ष रूप से काम शुरू करने के लिए कल पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस पूजा समारोह के अध्यक्ष विनायक मेटे की ओर से पत्रकारों को पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। पर एक बोट डूब गई जबकि दूसरी बोट सवा तीन घंटे तक समुद्र में भटकने के बाद किनारे पर वापस आई। दूसरी बोट पर सवार ७० लोगों की जान सरकारी लापरवाही से खतरे में थी और कोई इसकी सुध लेनेवाला नजर नहीं आ रहा था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचिव डी.के. जैन और सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव मनोज सौनिक उपस्थित रहनेवाले थे। इस कार्यक्रम के लिए ७०-७० आदमियों की क्षमतावाली दो बोट सरकार की ओर से आरक्षित की गई थी।

कल इंडिया गेट से करीब ३ बजे ५०-६० पत्रकारों को लेकर पहली बोट स्मारक स्थल पर जाने के लिए निकली। ३ बजे की निकली बोट ४.३० तक स्मारक स्थल तक नहीं पहुंच पाई। बोट को मार्गदर्शन करनेवाला कोई अधिकारी भी नहीं था। आर.एन. शिपिंग के बोट चालकों को भी कहां जाना है? इसका कोई पता नहीं था।

समुद्र में बोट चल रही है। किसी पत्रकार को बैठे-बैठे चक्कर आ रहा है तो किसी का सिर दर्द कर रहा है, वहीं किसी को मिचली आने लगी। किसी तरह स्मारक से कुछ दूर पत्रकारों की बोट पहुंची। पत्रकार व फोटोग्राफर फोटो लेने में तल्लीन हो गए। इसी दरम्यान अचानक खबर आई कि मुख्य सचिव डी.के. जैन सहित अधिकारियों को स्मारक स्थल पर ले जा रही स्पीड बोट पत्थर से टकराकर डूब गई। स्मारक के भूमिपूजन कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। पत्रकारों के साथ बोट पर सवार कार्यकारी अभियंता बी.के. पाटील ने कहा कि विधायक विनायक मेटे का फोन आया था, कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है।

## गुमशुदा



दिनांक ०१-१०-२०१८ से

**इद्रीस यासीन खोराजिया (उम्र-३८)**

लापता हैं, यदि किसी को इनके विषय में जानकारी हो तो कृपया संपर्क करें:
ए-२०१, बिल्डिंग नं.२५ टिन वाला बिल्डिंग, सुलताना बाद बेहरूबाग, जोगेश्वरी (प.), मुंबई-४०० १०२
मोईन खोराजिया : ९६६५५३३८६८ -८६००२६९५१७
मनोर पुलिस
एएसआय खोटे-८३९००४३३०२
मिसिंग नं. ००२८/२०१८



TAUHEED KHAN
8879027789 / 7666779287

**Taufeek Caterers**

Moghlai, Chinese, Vegetarian Pulav Mutton, Biryani, Mutton Korma, Chicken Korma, Dalgosht, Akhmi Pulav, Khichda, Zam Zam Pulav, Tandoori Akkha Bakra, Halwa, Falooda & All Types Food Made on Order

Prem Nagar, Eidgah Maidan Road, Opp. Babu Ration Shop, Behind Lucky Hotel, Jogeshwari (E), Mumbai 400 060.











Riyaz (Graphics Designer)
Email: shaikharts2015@gmail.com
96198 36535
72085 31550
Shaikh Arts & Advertising
GRAPHICS DESIGNING | Wedding Cards
Screen & Offset Printing | Visiting Cards
Letter Head & Bill Book | Scanning & Email
Flex & Vinyl Printing | Computerized Typing हिन्दी मराठी اردو، عربی | Brochure
Passport Online | Menu Cards
Aluminum Composite Panel, Acrylic - Letters, Signboard, Steel Brass Letters & LED works done here.
Authorized Agent All over India Railway Ticket Booking
E/29, Grace Plaza Shopping Center, Opp. Saabri Masjid, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102. Email: riyazshaikh2011@gmail.com


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह